प्रादेशिक समाचार
27.11.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड में नयी सरकार का शपथ ग्रहण समारोह कल, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार हेमंत सोरेन को दिलायेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ, कई राजनीतिक हस्तियां रहेंगी मौजूद।

2. केन्द्र सरकार ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा—बाल विवाह एक अपराध ही नहीं, मानवाधिकारों का उल्लंघन भी है।

3. साहिबगंज जिले में 1 हजार 2 सौ 50 करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले में सीबीआई ने दी दबिश, कई खदानों की जांच जारी।

4. देश के सर्वश्रेष्ठ तीन थानों में गिरिडीह का निमियाघाट भी शामिल, 29 नवम्बर को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह करेंगे सम्मानित।

5. नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता, गुमला में पांच आईईडी बरामद, लातेहार जिले में 15 लाख रुपये के ईनामी नक्सली की हत्या।

****************

झारखंड में कल नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा। रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शाम चार बजे हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाएंगे। इनके साथ ही कुछ नवनिर्वाचित विधायकों को भी मंत्री पद की शपथ दिलायी जा सकती है। समारोह में कई राजनीतिक हस्तियां शामिल होंगी। कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के अलावा इंडिया गठबंधन के कई शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर उन्हें शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया है।

इधर, रांची के उपायुक्त वरुण रंजन और वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने आज कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। उपायुक्त ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह को लेकर तैयारियों को अंतिम रुप दिया जा रहा है।

मौके पर रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि समारोह स्थल में एक लाख लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है।

****************

राज्य के कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज रामगढ़ जिले के लुकैयाटॉड में आयोजित अपने दादा सोबरन सोरेन के 67वें शहादत दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर उनकी पत्नी और गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं। मौके पर श्री सोरेन इंडिया गठबंधन की बड़ी जीत के लिए लोगों का आभार व्यक्त किया और कल होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

****************

केन्द्र सरकार ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय अभियान बाल विवाह मुक्त भारत की शुरुआत की। महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि सरकार ने 130 जिलों की पहचान की है जहां इस अभियान को मुख्य तौर पर चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाल विवाह न केवल एक अपराध है बल्कि मानवाधिकारों का उल्लंघन भी है। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान केवल 10 और 15 दिन का आयोजन नहीं है, बल्कि यह एक निरंतर प्रयास है।

****************

साहिबगंज जिले में 1 हजार 2 सौ 50 करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले में सीबीआई ने दबिश दी है। सीबीआई की टीम 30 नवंबर तक साहेबगंज में रहेगी और अवैध खनन की जांच करेगी। बताया जा रहा है कि जिले के महादेवगंज इलाके में सीबीआई खदानों की जांच कर रही है। गौरतलब है कि इससे पहले चार और पांच नवंबर को सीबीआई ने इस मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि रहे पंकज मिश्रा के सहयोगी भगवान भगत और उनसे जुड़े 20 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी में सीबीआई ने करीब 61 लाख रुपये नकद के अलावा एक किलोग्राम सोना, सवा किलोग्राम सोने–चांदी के आभूषण और 61 कारतूस जब्त किये थे।

****************

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने वर्ष 2024 के लिए देश के तीन सर्वश्रेष्ठ थानों में झारखंड के गिरिडीह जिले के निमियाघाट थाने का चयन किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 29 नवंबर को भुवनेश्वर के कन्वेंशन सेंटर लोक सेवा भवन में निमियाघाट के थाना प्रभारी को ट्रॉफी देकर सम्मानित करेंगे। जिले के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार ने कहा कि गिरिडीह जिले के सभी थानों को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

****************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने गुमला जिले के हरिणामाड़ जंगल से दो–दो किलोग्राम के पांच आईईडी बरामद किया है। रांची से पहुंचे बम निरोधक दस्ते ने सभी विस्फोटकों को डिफ्यूज कर दिया है। पुलिस अधीक्षक शंभू सिंह ने बताया कि नक्सलियों ने ये विस्फोटक सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए लगा रखे थे।

****************

उधर, लातेहार जिले में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी से जुड़े 15 लाख रुपये के इनामी नक्सली छोटू खरवार की हत्या कर दी गयी है। छोटू का शव जिले के नावाडीह में एक खेत में पाया गया है। नक्सली कमांडर छोटू खरवार 100 से अधिक नक्सली घटनाओं का अभियुक्त था। छोटू खरवार का नाम एनआईए की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल था। एनआईए ने उस पर तीन लाख का इनाम भी घोषित कर रखा था।

****************

बोकारो जिले में स्कूल बसों की फिटनेस जांच के लिए अभियान शुरु किया गया है।

****************

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राज्य में संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा के लिए कॉमन रिव्यू मिशन–सीआरएम की टीम झारखंड दौरे पर आयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के निदेशक डॉ इंद्रानिल दास और अवर सचिव मलय कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम ने आज साहिबगंज जिले में स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की।

****************

बच्चों को विशेष तौर पर कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के लिए विशेष पहल की जा रही है। धनबाद में बच्चों के लिए फ्री लीगल सर्विस यूनिट का गठन किया गया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी ने आज इसकी शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करना हम सबकी नैतिक जिम्मेवारी है। उधर, लोहरदगा जिले में पीडीजे राजकमल मिश्रा के मार्गदर्शन में चाइल्ड फ्रेंडली लीगल सर्विसेज के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया।

******समाप्त*******